स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में इंदौर ने पाँचवीं बार लहराया देश में स्वच्छता का परचम

चर्चा में क्यों?

20 नवंबर, 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के अंतर्गत इंदौर को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज और देश के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर का अवार्ड दिया।

प्रमुख बिंदु

- इंदौर ने अपनी बादशाहत बरकरार रखते हुए लगातार पाँचवीं बार देश में स्वच्छता का परचम लहराया है। इंदौर शहर को 5 स्टार शहर का प्रमाणीकरण भी प्राप्त हुआ। इसके साथ ही मध्य प्रदेश को तीसरे सबसे स्वच्छ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- वर्ष 2021 के स्वच्छता सम्मान समारोह में 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में देश के 20 टॉप शहरों में मध्य प्रदेश के 4 शहर शामिल हैं। इनमें इंदौर को प्रथम, भोपाल को सातवाँ, ग्वालियर को 15वाँ और जबलपुर को 20वाँ स्थान मिला।
- इसी प्रकार 1 से 10 लाख जनसंख्या के शहरों में पश्चिमी ज़ोन में देश के 100 शहरों में मध्य प्रदेश के 25 शहर, पचास हज़ार से एक लाख आबादी की श्रेणी में देश के 100 शहरों में मध्य प्रदेश के 26 शहर, 25 से 50 हज़ार आबादी की श्रेणी में देश के 100 शहरों में मध्य प्रदेश के 26 शहर और 25 हज़ार से कम आबादी की श्रेणी में देश के 100 शहरों में मध्य प्रदेश के 35 शहर शामिल हैं। इस प्रकार चार जनसंख्या श्रेणियों के प्रथम 100 शहरों में मध्य प्रदेश के 116 शहर शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश को अपने नगरीय निकायों और विभिन्न स्वच्छता प्रक्रियाओं के पालन के लिये 100 नगरीय निकायों से अधिक वाले राज्यों की श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।
- मध्य प्रदेश के 6 शहर इंदौर, भोपाल, उज्जैन, देवास, होशंगाबाद और बड़वाहा तथा पचमढ़ी केन्ट उत्कृष्ट अवार्ड श्रेणी के लिये सम्मानित किये गए। इसके अलावा 27 शहरों ने स्टार रेटिंग प्राप्त की।
- सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में इंदौर के साथ देवास तथा भोपाल ने भी श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है।
- उज्जैन शहर को 1 से 10 लाख आबादी के शहरों में नागरिक प्रतिक्रिया में सर्वश्रेष्ठ शहर का सम्मान मिला है। होशंगाबाद शहर को 1 से 3 लाख जनसंख्या के शहरों में तेज़ी से बढ़ते हुए शहर का सम्मान तथा देवास को इसी श्रेणी के शहरों में नवाचार का सम्मान मिला है।
- भोपाल ने अपना स्व-संवहनीय राजधानी का विगत वर्ष का खिताब बनाए रखा है। साथ ही सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में भोपाल को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- छोटे शहरों की श्रेणी में खरगौन ज़िले के बड़वाहा को ज़ोनल रैंकिंग में सबसे तेज़ी बढ़ते शहर का सम्मान प्राप्त हुआ।
- स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार प्रेरक दौर का घटक शामिल किया गया था। इसमें प्लेटिनम-दिव्य श्रेणी में 1 शहर इंदौर, गोल्ड-अनुपम श्रेणी में 35 शहर, सिल्वर- उज्ज्वल श्रेणी में 3 शहर और ब्रांज- उदित श्रेणी में 27 शहर, कॉपर आरोही श्रेणी में 4 शहर सहित कुल 70 शहरों को इस घटक में रैंकिंग प्राप्त हुई।
- स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 कुल 6000 अंकों का था, जिसमें सेवा स्तर प्रगति के कुल 2400 अंक थे। ओडीएफ स्टार रेटिंग के प्रमाणीकरण के 1800 अंक मिलाकर प्रदेश को अपना प्रदर्शन बेहतर करना था। नागरिकों की इस सर्वेक्षण में भूमिका बढ़ी थी, जिसका कुल अंक प्रभाव 1800 का था। इसके अलावा सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में प्रदेश के 16 नगर निगमों सहित 2 लाइट हाउस शहर-सीहोर एवं खरगौन शामिल थे।
- हाल में जारी प्रथम फेस के परिणामों में प्रदेश के 10 शहर-इंदौर, भोपाल, उज्जैन, देवास, होशंगाबाद, ग्वालियर, सिंगरौली, मूंदी, बुरहानपुर, राजगढ़ और धार को स्टार रेटिंग प्रमाणीकरण हेतु सम्मानित किया गया है।
- वर्ष-2021 के दौरान प्रदेश के 295 शहर ओडीएफ डबल प्लस और 78 शहर ओडीएफ प्लस प्रमाणित किये गए हैं। इसके अलावा इंदौर को वॉटर प्लस से प्रमाणित होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indore-first-for-the-fifth-time-in-swachh-survekshan-2021